11/12/2024

आकाशवाणी ईटानगर

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज कहा कि देश बडे पैमाने पर डिजिटल रूप से जुड रहा है इसके साथ ही साइबर अपराध भी लगातार बढ रहे हैं। स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन 2024 के ग्रैंड फिनाले में वीडियों कांफ्रेंस के जरिए युवा नवाचारकताओं के साथ बातचीत में प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत विश्व में अग्रणी डिजिटल अर्थव्यवस्थाओं में से एक है। नवाचार से जुडे युवाओं की सराहना करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि इन सभी लोगों के पास 21वीं सदी के भारत का अलग दृष्टिकोण है। उन्होंने कहा कि इन युवाओं के समाधान देश के भविष्य के लिए महत्वपूर्ण है और लाखों लोगों के जीवन में बदलाव ला सकते हैं।

नवाचारकर्ताओं के योगदान की सराहना करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा इन लोगों ने हमें कभी निराश नहीं किया बल्कि हमेशा मनोबल बढाया है। श्री मोदी ने कहा कि स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन की पिछली टीमों ने जो समाधान प्रस्तुत किये थे उन्हें विभिन्न मंत्रालय लागू कर रहे है और देश में इनका महत्वपूर्ण प्रभाव पडा है।

0000000000000000000000000

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने आज नई दिल्ली के विज्ञान भवन में राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कार प्रदान किया। इस वर्ष जमीनी स्तर पर गवर्नेंस और कम्यूनिटी डेवलपमेंट के क्षेत्र में उपलब्धियों के लिए विभिन्न कटेगरी में कुल पैंतालीस व्यक्तियों को पुरस्कार प्रदान किया गया। समारोह के दौरान पंचायती राज मंत्री पुरस्कार विजेता पंचायतों में इनोवेशन और प्रभावी कार्य प्रणालियों पर एक पुस्तिका का अनावरण भी

किया गया। मंत्रालय ने कहा है कि इन पुरस्कारों  का उद्देश्य अन्य पंचायतों को श्रेष्ठ कार्य प्रणाली अपनाने के लिए प्रेरित करना और ग्रामीण भारत के समग्र विकास में योगदान देना है।

0000000000000000000000

इंडियन डिफेन्स इस्टेस सर्विस के प्रिंसिपल डायरेकेटर एस. एन. गुप्ता ने आज राजभवन ईटानगर में राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल रिटायर्ड के. टी. परनाईक से मुलाकात की। बैठक के दौरान डिफेंस लैंड्स, कम्यूनिटी लैंड्स और राज्य में चुनौतियों पर चर्चा हुई। राज्यपाल ने राष्ट्रीय सुरक्षा, स्थानीय समुदायों और पर्यावरण के बीच संतुलन रखते हुए डिफेन्स लैंड्स के प्रभावी उपयोग पर जोर दिया।

00000000000000000000000

राज्य सचिवालय ईटानगर में मुख्य सचिव मनीष कुमार गुप्ता ने ईटानगर के मेयर तामे फांसांग, डिप्यूटी मेयर बिरि बासांग और आईएमसी के आयुक्त के साथ कचरा प्रबंधन पर बैठक की। बैठक के दौरान म्युनिसिपल सोलीड वेस्ट प्रोसेसिंग के साथ ही गार्बेज कलेक्शन और ट्रांसपोर्टेशन के लिए आउट सोर्सिंग की संभावनाओं पर विचार-विमर्श किया गया। बैठक में स्वच्छ और सतत वातावरण सुनिश्चित करने के लिए गार्बेज मैनेजमेंट एंड डिस्पोजल के लिए सर्वोत्तम तकनीकों को अपनाने पर जोर दिया गया। इस अवसर पर म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन को स्वतंत्र रूप से संचालन के लिए वित्तीय रूप से मजबूत बनाने पर चर्चा हुई। मुख्य सचिव ने कहा कि सरकार ईटानगर नगर निगम की ऑपरेशनल एफिसियेंसी और सस्टेनेबिलिटी को बढ़ाने के लिए हर संभव सहयोग के लिए प्रतिबद्ध है।

0000000000000000

ईस्ट सियांग जिले के पासीघाट टाउन में मिराकल फिल्ड के पास सब्जि मार्केट में मंगलवार की रात आग दुर्घटना में कई दुकाने जलकर नष्ट हो गई और आसपास के कई दुकानों को नुकसान पहुंचा। इस दुर्घटना में लाखो रुपए की संपत्ति का नुकसान होने का अनुमान है। आग दुर्घटना स्थल के नजदीक आर्मी के फायर ब्रिगेड ने तुरंत मौके पर पहुंचकर राहत और बचाव कार्य शुरु कर दिया, जिससे कई दुकानों को बचाने में मदद मिली। स्थानीय विधायक तापि दारांग ने आज आग दुर्घटना स्थल का दौरा किया और प्रभावित दुकानदारों से बातचीत की। उन्होंने एमएलए लोकल एरिया डेवलपमेंट फंड से प्रभावित परिवारों को वित्तीय सहायता का आश्वासन दिया। इधर भारतीय मजदूर संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष मिपेत तायेंग ने जिला प्रशासन से आग दुर्घटना से प्रभावित दुकानदारों को तुरंत फाइनेंशियल रिलीफ प्रदान करने की अपील की है।

0000000000000000000

संजय मल्होत्रा ने भारतीय रिजर्व बैंक गवर्नर का पदभार ग्रहण कर लिया है। उन्हें तीन साल की अवधि के लिए इस पद पर नियुक्त किया गया है। उन्नीस सौ नब्बे बैच के राजस्थान कैडर के आईएएस अधिकारी श्री मल्होत्रा इससे पहले केंद्रीय वित्त मंत्रालय में राजस्व सचिव के पद पर कार्यरत थे और उन्होंने शक्तिकांत दास का स्थान लिया। संवाददाताओं से बातचीत में उन्होंने कहा कि आरबीआई पॉलिसी मैटर में स्टेबिलिटी को बनाए रखेगी और सभी चुनौतियों से निपटने के लिए अलर्ट है।

00000000000000000000

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने पूर्व राष्ट्रपति भारत रत्न प्रणब मुखर्जी की जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की है। सोशल मीडिया पोस्ट में प्रधानमंत्री ने उन्हें विशिष्ट सार्वजनिक व्यक्तित्व, उत्कृष्ट राजनेता और अद्भुत प्रशासक बताया। उन्होंने कहा कि भारत के विकास में प्रणब मुखर्जी का योगदान उल्लेखनीय है।

0000000000000000000

राजधानी ईटानगर के मिथुन गेट के पास स्थित टाउन बापटिस्ट चर्च के उद्घाटन समारोह मैं मुख्यमंत्री पेमा खाण्डू, स्थानीय विधायक तेची कासो, विधायक वांगलिन लोवांगडोंग, लाईसम सिमाई, निख कामिन और न्यीशी बापटिस्ट चर्च काउंसिल के जनरल सेक्रेट्री रेवरेंट डॉक्टर तागंग गेलो सहित कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे। इस अवसर पर विशेष प्रार्थना सभा भी आयोजित की गई। मुख्यमंत्री ने कहा है कि ईटानगर टाउन बापटिस्ट चर्च की नई चर्च बिल्डिंग विश्वास, शांति के लिए प्रार्थना, सामुदायिक और सामाजिक रिचुएल्स के लिए जरूरी संस्थान का प्रतीक है।

0000000000000000000000

कुरुंग कुमे जिला उपायुक्त विशाखा यादव ने जोरम से कोलोरियांग के बीच राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या तेरह की प्रगति की समीक्षा की। जिला उपायुक्त ने परियोजना एजेंसियों से हाइवे प्रोजेक्ट को त्वरित गति से पूरा करने नेशनल हाइवे इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन लिमिटेड के साथ बेहतर तालमेल पर जोर दिया। जिला उपायुक्त ने बताया कि पायु हाइडेल ब्लॉक के लंबित मुद्दे को बैठक में सुलझा लिया गया है।